लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

दूसरे राज्यों के नवाचारों को अपनाने कार्ययोजना बनाएं

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 जून. प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. ऐसे मामलों में संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मंत्रालय में विभाग की समीक्षा की.

इस दौरान उन्होंने साफ किया कि मैदानी स्तर पर बेहतर कार्य करने वालों को एकतरफ प्रोत्साहित करें तो वहीं लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई भी करें.

बैठक में सीएम ने कहा कि विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक जन भागीदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए. महिलाओं और बच्चों के कल्याण से संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार हो. बच्चों और महिलाओं में पोषण स्तर को बेहतर करने के लिए संचालित गतिविधियों में स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित निजी अस्पतालों और संस्थाओं को भी जोड़ा जाए. इस दिशा में अन्य राज्यों और प्रदेश के जिलों में हो रहे सफल नवाचारों को अपनाने के लिए भी कार्ययोजना बनाई जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन औद्योगिक इकाइयों में महिला कर्मियों की संख्या अधिक है, उन इकाइयों में कामकाजी महिलाओं के लिए पीपीपी मोड पर हॉस्टल निर्माण की कार्ययोजना बनाई जाए. बैठक में बताया गया कि देवास, नर्मदापुरम, झाबुआ और सिंगरौली में वर्किंग वुमेन हॉस्टल का निर्माण प्रारंभ हो गया है. प्रताड़ित महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने के लिए पांढुर्णा, मऊगंज, मैहर, पेटलावद-झाबुआ, इंदौर के लसूड़िया और सांवेर एवं धार के मनावर और पीथमपुर में वन स्टॉप सेन्टर स्वीकृत किए गए हैं. चाइल्ड हेल्पलाइन अंतर्गत 51 जिला स्तरीय और एक राज्य स्तरीय हेल्प सेंटर के माध्यम से 66 हजार से अधिक बच्चों को सहायता उपलब्ध कराई गई. जोखिम ग्रस्त बच्चों की मैपिंग के लिए 13 जिलों में प्रक्रिया जारी है.

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बीमा योजना के दायरे में

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 5 से 6 आयु वर्ग के 9 लाख 28 हजार बच्चों के लिए विद्यारंभ आयोजित कर उन्हें विद्यारंभ प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया और बच्चों का शाला में सुगम प्रवेश सुनिश्चित किया गया. वहीं सक्षम आंगनवाड़ी उन्नयन के के तहत प्रदेश में एक साथ 12 हजार 670 मिनी केंद्रों को मुख्य आंगनवाड़ी के रूप में उन्नत कर मप्र देश में अग्रणी बना है. बैठक में बताया गया कि प्रदेश की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को बीमा योजना से लाभान्वित किया गया है.

प्री-मानसून के सक्रिय होने से बदला मौसम का मिजाज

जिलों में आरेंज और यलो अलर्ट जारी

हवा के साथ भोपाल में हुई बूंदाबांदी

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 1 जून. मप्र में प्री-मानसून के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बदला रहा है. जून महीने के शुरुआत के पहले दिन भीषण गर्मी से लोगों को राहत महसूस हुई. दोपहर के समय तक सूरज और बादलों की आंख मिचौली के बाद बादलों के छाने से हवा में ठंडक का एहसास हुआ.

भोपाल में शाम के करीब 4 बजे के बाद मौसम पूरी तरह ठंडा रहा. इस दौरान कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई. इंदौर में धूल भरी आंधी चली. आंधी चलने से कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल भी गिर गए. इसके साथ प्रदेश के मंदसौर, नीमच, छतरपुर और टीकमगढ़ में तेज हवाओं के चलने और वज्रपात की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था. आगामी 2-3 दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्व अरब सागर के कुछ और भागों, लक्षद्वीप क्षेत्र, केरल एवं तमिलनाडु के कुछ भागों, दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य एवं उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और भागों तथा दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के शेष भागों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं.

5 जून तक आंधी, बारिश की संभावना

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर की मानें तो इस साल मानसून अपनी सामान्य गति से आगे बढ़ रहा है. यदि मानसून की रफ्तार इसी तरह बनी रही, तो 15 से 20 जून के बीच मानसून मध्य प्रदेश में प्रवेश कर जाएगा. सीहोर और आसपास के जिलों में 20 से 22 जून तक अधिकारिक रूप से मानसून के सक्रिय होने की पूरी संभावना है. तब तक जिले में इसी तरह की प्री-मानसून बौछारें रुक-रुक कर देखने को मिलती रहेंगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी.

कांतिदेवी नायक की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

विशेष संवाददाता

भोपाल. मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की माताजी कांतिदेवी नायक की स्मृति में सोमवार को शिवाजी नगर (5 नंबर) स्थित सिंधु भवन में एक विशाल श्रद्धांजलि एवं शोकसभा का आयोजन किया गया. कांतिदेवी नायक का 20 मई को निधन हो गया था. सभा में भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं. इस अवसर पर वक्ताओं ने कांतिदेवी नायक के सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, उच्च जीवन मूल्यों और समाजसेवा के प्रति समर्पित परिवार के निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया. कांग्रेस नेताओं ने उनके निधन को संगठन और उनसे जुड़े लोगों के लिए व्यक्तिगत क्षति बताया. कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए.

एसटीएफ पांच गुर्गों को जेल से रिमांड पर लेकर भोपाल ले गई

- लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी का मामला
- बिल्डरों और कारोबारियों को धमकाने के केस में पूछताछ तेज, प्रदेशभर के नेटवर्क की जांच

नव भारत न्यूज

इंदौर. लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर बिल्डरों और नामी लोगों को धमकी देने के मामले में एसटीएफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को जेल से रिमांड पर लेकर भोपाल ले गई है. आरोपियों से अब प्रदेशभर में हुई वारदातों को लेकर पूछताछ की जाएगी.

मामले में प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक बिल्डर और कारोबारियों को धमकी मिलने के बाद डीजीपी ने जांच एसआईटी को सौंप दी थी. इंदौर के बिल्डर विवेक दम्मानी और संजय जैन को मिली धमकी के मामलों की जांच क्राइम ब्रांच कर रही थी. क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए राजपाल चंद्रावत, सचिन शर्मा, कुलदीप, नाना और योगेश भाटी को गिरफ्तार किया था. इनमें कुछ आरोपियों को पहले ही जेल से रिमांड पर लिया गया था, जबकि कुछ को हाल ही में पकड़ा. एक अन्य आरोपी राहुल उर्फ बाबा फिलहाल क्राइम ब्रांच की रिमांड पर है. बताया जा रहा है कि एसटीएफ की टीम ने इन सभी आरोपियों को अलग अलग जेलों से रिमांड पर लेकर भोपाल रवाना किया है. वहां उनसे प्रदेश में हुई अन्य धमकी और फायरिंग की घटनाओं को लेकर पूछताछ की जाएगी. ज्ञात हो कि कसरावद में कॉटन व्यापारी के घर फायरिंग मामले में भी इन्हीं आरोपियों के तार जुड़े हैं, जहां सबसे ज्यादा गिरफ्तारी हुई थी.

अहम खुलासों की उम्मीद : डीसीपी

मामले में डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी का कहना है कि इंदौर क्राइम ब्रांच अब तक इस पूरे नेटवर्क से जुड़े 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. वहीं हाल ही में एक आरोपी राहुल उर्फ बाबा की कार देवास से जब्त की गई थी. गिरफ्तार आरोपियों के तार प्रदेश के अन्य जिलों में हुई घटनाओं से भी जुड़े होने की संभावना है, पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है और पूछताछ में अहम खुलासे होने की उम्मीद है.

एक नजर में

निवेश का झांसा देकर ठगे साढ़े तीन लाख

धार. जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में टेलीग्राम लिंक के माध्यम से निवेश पर अधिक लाभ का लालच देकर एक युवक से लगभग साढ़े तीन लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ग्राम उटावद निवासी चिंटू नायक से 23 मई की रात अज्ञात व्यक्ति ने टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया. आरोपी ने घर बैठे निवेश कर अधिक लाभ कमाने का झांसा दिया और एक लिंक भेजकर कथित लाभ खाता एवं पासवर्ड बनवाया. आरोपी ने युवक से अलग-अलग किस्तों में कुल 3 लाख 45 हजार 839 रुपये जमा करवा लिए.

लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर गिरी गाज

सिंगरौली. शासकीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और बिना सूचना ड्यूटी से नदारद रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ जिला प्रशासन बेहद सख्त रुख अपना रहा है. इसी कड़ी में विकासखंड चितरंगी के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्थुआ में पदस्थ फार्मासिस्ट अनुराग द्विवेदी को बिना स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से गायब रहने पर एक दिन का वेतन काटने की दंडात्मक कार्रवाई की गई है, वहीं इसी केंद्र की नर्सिंग ऑफिसर अंजली गुप्ता को निर्धारित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर कारण बताओ नोटिस जारी गया है.

तत्काल रोका जाए टावर निर्माण : अजय

किसानों की जमीन पर बिना सहमति के लगा रहे टावर

विशेष संवाददाता

भोपाल, 1 जून. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सीधी जिले के चुरहट क्षेत्र में किसानों की जमीन पर उनकी सहमति के बिना पावर ट्रांसमिशन परियोजना के लिए ट्रांसमिशन टावर लगाए जाने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य तत्काल रोकने की मांग की है.

उन्होंने इसे गैर-कानूनी, दमनकारी और किसानों के अधिकारों का सीधा उल्लंघन बताया. अजय ने आरोप लगाया कि अडानी समूह से जुड़ी कंपनी के कर्मचारी किसानों की अनुमति के बिना खेतों में प्रवेश कर रहे हैं तथा खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं. उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर हस्तक्षेप की मांग की है. किसानों की सहमति प्राप्त होने और मुआवजे से जुड़े विवादों का समाधान होने तक महान पावर ट्रांसमिशन परियोजना के तहत टावर निर्माण का कार्य रोका जाना चाहिए.

करेंगे चक्काजाम और जन-आंदोलन...

उन्होंने कहा कि प्रभावित किसान शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वर्तमान बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजे की मांग कर रहे हैं, जो पूरी तरह नियमसम्मत है. अजय सिंह ने प्रशासन पर कंपनी के दबाव में कार्य करने का आरोप लगाते हुए किसानों के साथ न्याय सुनिश्चित करने की मांग की. कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों के अधिकारों की अनदेखी की गई तो पूरे क्षेत्र में चक्का जाम और व्यापक जन-आंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी.

पटवारी के खिलाफ टिप्पणी पर कांग्रेस नाराज

सीएम की टिप्पणी पर वरिष्ठ नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

विशेष संवाददाता

भोपाल, 1 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है. मुख्यमंत्री के बयान के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे संवैधानिक पद की गरिमा के विपरीत बताया है.

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि किसी गरिमामय संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को राजनीतिक विरोधियों के प्रति ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि उच्च पदों पर आसीन जनप्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक मर्यादा के पालन की अपेक्षा की जाती है. पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी मुख्यमंत्री के बयान की निंदा करते हुए कहा कि डॉ. मोहन यादव को अपने पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और उसके नेताओं के खिलाफ अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है. कमलनाथ ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में शालीनता और संयम बना रहना चाहिए. विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि यदि उन्हें "रद्दी" और "दो कौड़ी का" कहा जा रहा है तो उन्हें इस बात पर गर्व है कि वे एक किसान के बेटे हैं.

कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री की टिप्पणी को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि जीतू पटवारी देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को अपने संवैधानिक पद की गरिमा बनाए रखते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने भी मुख्यमंत्री की टिप्पणी को संवैधानिक पद की मर्यादा के प्रतिकूल बताते हुए तत्काल माफी की मांग की. उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए राजनीतिक संवाद में शिष्टाचार और गरिमा का पालन आवश्यक है.

इंफॉर्मेशन मॉड्यूल से रुकेगी वित्तीय चोरी

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 जून. उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विभाग द्वारा प्रारंभ किये गये इंफॉर्मेशन मॉड्यूल से वित्तीय चोरी को रोका जा सकेगा. इसका लाभ प्रदेश को राजस्व वृद्धि में मिलेगा.

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने मप्र वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों को इंफोर्मेशन मॉड्यूल के निर्माण और शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि मॉड्यूल की बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाएं. उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि राज्य में कर अपवंचन की रोकथाम, राजस्व संग्रहण में वृद्धि तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये इन्फॉर्मेशन मॉड्यूल विकसित किया गया है. यह मॉड्यूल कर चोरी, फर्जी बिलिंग, बिना बिल के व्यापार, अवैध गोदाम, कर संबंधी अनियमितताओं एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों की सूचना सीधे विभाग तक सुरक्षित एवं सरल माध्यम से उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करेगा.

मॉड्यूल से प्राप्त सूचनाओं का विभाग द्वारा विश्लेषण एवं सत्यापन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. प्राप्त सूचनाओं के निराकरण की स्थिति एवं विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित जानकारी नागरिक पोर्टल पर उपलब्ध डैशबोर्ड के माध्यम से साझा की जाएगी. इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी.

नागरिकों द्वारा प्रदान की गई उपयोगी एवं तथ्यात्मक जानकारी राज्य के राजस्व संरक्षण, कर अपवंचन पर प्रभावी नियंत्रण तथा कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. आयुक्त वाणिज्यिक कर अनय द्विवेदी ने अपील की है कि नागरिक राज्यहित में इस मॉड्यूल का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें तथा कर अपवंचन की रोकथाम एवं राजस्व वृद्धि में सहभागी बनें.

तीन जिलों के नोडल अधिकारी बदले

भोपाल, 1 जून. प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में प्रदेश के चयनित तीन जिलों के लिए राज्य सरकार ने जिला नोडल अधिकारी बदल दिए हैं.

ये योजना केंद्र और राज्य सरकार के लिए कितना महत्वपूर्ण है यह इस बात से पता चलता है कि पहले भी इन जिलों के लिए आईएएस अफसरों को ही नोडल अधिकारी बनाया गया था, इस बार भी आईएएस अफसरों को ही जिम्मेदारी दी गई है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जिला उमरिया में अजय गुप्ता के स्थान पर संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास उमाशंकर भार्गव, अलीराजपुर में सुश्री निधी निवेदिता के स्थान पर उपसचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग दिलीप कुमार कापसे एवं अनूपपूर में राहुल धोटे के स्थान पर उपसचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास रोहित सिसोनिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.

पेज एक का शेष

12 साल बाद कर्क राशि में आएंगे देवगुरु बृहस्पति

वृश्चिक -भाग्य का साथ मिलेगा. उच्च शिक्षा, धार्मिक यात्राओं और विदेश से जुड़े मामलों में सफलता मिल सकती है. धनु- अचानक धन लाभ और जीवन में बड़े बदलाव संभव हैं. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. मकर - विवाह और साझेदारी से जुड़े मामलों में शुभ परिणाम मिल सकते हैं. दांपत्य जीवन बेहतर होगा. कुंभ-प्रतियोगी परीक्षाओं, नौकरी और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग हैं. मीन-शिक्षा, प्रेम, संतान और रचनात्मक कार्यों में सफलता प्राप्त हो सकती है. निवेश से भी लाभ मिल सकता है. **किन राशियों को होगा सबसे अधिक लाभ?** गुरु के इस उच्च गोचर से कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक और मीन राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है. करिअर, धन, विवाह, शिक्षा और भाग्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं. यह फलादेश वैदिक ज्योतिष के पारंपरिक सिद्धांतों पर आधारित सामान्य विश्लेषण है. व्यक्तिगत कुंडली के अनुसार परिणाम भिन्न हो सकते हैं.

परियोजना | 200 से ज्यादा मकान दुकान टूटेंगे, 15 -15 फीट तक लगेंगे निशान, महाकाल सवारी पश्चात नगर निगम महाकाल, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड तक लगाएगा निशान

आखिरकार आ गया पटनी बाजार का नम्बर, चौड़ीकरण का निकला टेंडर

नवभारत न्यूज

उज्जैन. शहर का सबसे पुराना और व्यस्ततम क्षेत्र भी चौड़ीकरण के निशाने पर आ गया है, सावन भादौ मास में निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी के बाद अक्टूबर में महाकाल से लगाकर पटनी बाजार गोपाल मंदिर और ढाबा रोड तक का नंबर लगेगा.

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम धार्मिक आयोजनों, एवं अन्य विकास कार्य से फुर्सत मिलते ही महाकाल मंदिर से लगाकर पटनी बाजार और फिर गोपाल मंदिर से लगाकर ढाबा रोड तक के क्षेत्र में लाल निशान लगाएगा।

एक साल में पूरा होगा काम - नगरनिगम ने सोमवार को रामानुजकोट-दानीगेट और महाकाल चौराहा-ढाबारोड के लिए टेंडर जारी कर दिए. इन कामों को पूरा करने की अवधि वर्कआर्डर जारी होने से एक साल की रखी गई है. टेंडर भरने की अंतिम तारीख 11 जून तय की गई है. सावन भादौ काम शुरू होगा.

मास्टर प्लान में चौड़ीकरण -

सीएम डॉ मोहन यादव की मंशानुसार बेहतरीन सिंहस्थ करने और आम श्रद्धालुओं की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मास्टर प्लान के मुताबिक शहर में रोड चौड़ीकरण के काम चल रहे हैं. पुराने शहर में तो करीब-करीब सारे ही रोड चौड़ीकरण के दायरे में आ गए हैं. कोयला फाटक-छत्रीचौक, गाड़ीअड्डा-बड़ापुल, तेलीवाड़ा-छोटी पुलिया, रविशंकरनगर-लालपुल के बाद अब रामानुजकोट-दानीगेट और महाकाल चौराहा-ढाबारोड को चौड़ा करने की तैयारी शुरू हो गई है. यह दोनों सड़क सिंहस्थ के साथ महाकाल सवारी की दृष्टि से भी खास है.

भयंकर ट्रैफिक जाम-महाकाल से गोपाल मंदिर तक दिन हो रात हर समय भारी ट्रैफिक रहता है. खासकर महाकाल चौराहा-ढाबा रोड, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार क्षेत्र में तो पैर रखने की जगह भी नहीं होती. पर्व-त्योहार में यहां ट्रैफिक जाम स्थायी समस्या बन जाता है. इस पूरे क्षेत्र को और चौड़ा करने की तैयारी की जा रही है.

14 और 11 करोड़ का टेंडर -

सोमवार को नगरनिगम ने महाकाल चौराहा-ढाबारोड के लिए जो. टैंडर निकाला, उसमें 13.55 करोड़ का बजट रखा है, जबकि रामानुज कोट-दानीगेट के लिए यह राशि 10.02 करोड़ रुपए है. 11 जून तक टेंडर भरे जा सकेंगे और वर्क आर्डर मिलने के बाद एक साल में काम पूरा करके देना होगा.

चार वार्ड के मकान-दुकान प्रभावित- महाकाल मंदिर से लगाकर ढाबा रोड तक, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर क्षेत्र में जो चौड़ीकरण किया जाना है, उसमें लगभग 4 वार्ड के मकान दुकान प्रभावित हो रहे हैं. यदि संख्या की बात करें तो 200 से अधिक रहवासी और व्यापारिक स्थान हटाए जाएंगे. 15-15 फीट तक चौड़ीकरण किए जाने की तैयारी नगर निगम ने की है. वहीं व्यापारी चाहते हैं कि 10-10 फीट ही चौड़ा किया जाए. देखना होगा कि अक्टूबर माह में क्या स्थिति निर्मित होती है.

व्यापारी सहमत नहीं

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार हालांकि इस चौड़ीकरण की नई योजना से प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र होने से व्यापारी चौड़ीकरण पर पूरी तरह सहमत नहीं हैं, वह चाहते हैं कि ट्रैफिक व्यवस्था ठीक कर ली जाए और अतिक्रमण हटाकर भी इसे व्यवस्थित कर लिया जाए, और चौड़ीकरण टाल दिया जाए.

जानकारी लेकर ही कुछ कह सकता हूं

मैं तो अभी कंठाल, सती गेट, सराफा वाले मार्ग चौड़ीकरण में व्यस्त हूं. पता चला है कि महाकाल से गोपाल मंदिर ढाबा रोड तक चौड़ीकरण का टेंडर निकला है, उसकी जानकारी लेकर ही आगे कुछ कहा जा सकता है.

- रजत मेहता, एमआईसी सदस्य

सबको भरोसे में लेना एक बड़ा सवाल

अभी तो महाकाल की सवारी निकालना है ऐसे में अक्टूबर बाद ही नगर निगम यहां पर काम शुरू करेगा, लेकिन सारे मार्ग खोल दिए जाएंगे तो पूरे कैसे होंगे, और सबको भरोसे में लिया जाना एक बड़ा सवाल है.

- मुजीब कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी *, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60